सं. 11014/18/2023-रा.भा.(पत्रिका)/पार्ट

गृह मंत्रालय

राजभाषा विभाग

......

बी विंग, चतुर्थ तल, एन.डी.डी.सी-2 भवन

जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001

दिनांक: 19 दिसंबर, 2023

कार्यालय ज्ञापन

विषय: 'राजभाषा भारती' के 166वें अंक के लिए लेख आमंत्रित करने के संबंध में।

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा विगत 45 वर्षों से' राजभाषा भारती' पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है। यह पत्रिका माननीय राष्ट्रपति/प्रधानमंत्री/केंद्र सरकार के मंत्रियों, संसद के माननीय सदस्यों, राज्यों के राज्यपालों/मुख्यमंत्रियों तथा केंद्र सरकार के कार्यालयों इत्यादि को भेजी जाती है। जैसा कि विदित है कि प्रति वर्ष 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है । 'राजभाषा भारती' के आगामी अंक (अंक 166) का मार्च 2024 में प्रकाशन होना है । अतः इसे महिलाओं को समर्पित किया जा रहा है ।

उक्त अंक में शामिल करने के लिए स्वाधीनता आंदोलन, राजभाषा हिंदी, भारतीय साहित्य और संस्कृति, विज्ञान, अनुसंधान, शिक्षा, कला, राजनीति, खेल आदि विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के उल्लेखनीय योगदान पर लिखे गए लेख आमंत्रित किए जाते हैं।

लेख मंगल फॉन्ट में टाइप किए हुए, व्याकरणिक एवं तथ्यात्मक दृष्टि से सही तथा लगभग 3000 शब्दों तक हो सकते हैं। शोध से जुड़े लेखों में शब्दों की सीमा लगभग 5000 शब्दों तक हो सकती है। पत्रिका में लेखों के प्रकाशन के संबंध में अंतिम निर्णय राजभाषा विभाग का होगा।

कृपया लेख (फोटो सहित) **दिनांक 12/01/2024** को **सांय 5 बजे** तक ई-मेल आई डी patrika-ol@nic.in पर भिजवाना सुनिश्चित करें।

यह संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग के अनुमोदन से जारी किया जाता है ।

प्रेम नारायण

(प्रेम नारायण)

उप सचिव (पत्रिका)

दूरभाष: 011-23438250

सेवा में,

निदेशक, एनआईसी को इस अनुरोध सहित कि इस कार्यालय ज्ञापन को आम जानकारी के लिए राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड कराएं।